# काव्य संध्या में बही हास्य, वीर व श्रृंगार रस की धारा... श्रोता हुए लोटपोट

**सरवाड़,** (निसं)। सरवाड़ शहर में चल रहे गणेश उत्सव के उपलक्ष पर चतुर्दशी को लेकर नगर पालिका द्वारा सोमवार रात्रि को गांधी चौक परिसर में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया । इस कवि सम्मेलन का शुभारंभ उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया। वहीं कवियों का स्वागत कर व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कवि सम्मेलन की शुरुआत कवित्री शिवानी शर्मा ने गणेश वंदना प्रस्तुत की उसके बाद कृष्ण की प्रेम की श्रृंगार रस के कई गीत प्रस्तुत किया।

बुद्धि प्रकाश दाधीच हास्य कवि ने मंच संचालन किया। इस दौरान कमलेश शर्मा हास्य व्यंग्य की चुटकियों से श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। इस प्रकार हिमांशु बवंडर ने एक से बढ़ कर एक श्रृंगार रस के कई गीत सुनाकर युवा वर्ग को आहे भरने के लिए मजबूर कर दिया। योगेंद्र शर्मा कवि ने ओज की कविताएं सुनाकर श्रोताओं की भरपूर दाद बटोरी। इस मौके पर कवि राजेन्द्र गोपाल ने सुंदर गीत प्रस्तुत किये। कवि सरदेव मारवाड़ी हास्य कवि मारुति नंदन सहित अन्य कवियों ने भी काव्य पाठ किया। मंच संचालन करते हुए व्यंग्यकार कवि बुद्धि प्रकाश दाधीच ने हास्य के मुक्तक राजधानी गीत छन्द साहित अन्य रचनाएं सुनाकर वाहवाही लूटी वही देर रात तक चले कवि सम्मेलन में कवियों ने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति देखकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं शहर के गांधी चौक में हजारों की संख्या में श्रोताओं की काफी भीड़ रही। इस दौरान हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष भागचन्द चांपा, सचिन, अजय पारीक, भाजपा नेता हरि मोहन शर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्यारेलाल खींची, हनुमान शर्मा, चैन सिंह पगारिया, महेश भटनागर, घारू, प्रवीण भटनागर, पार्षद करण बंजारा, गणेश माली, राजेन्द्र हेड़ा, विजय कुमार लड्ढा, भगवान भट्ट, दुर्गालाल माली, सुरेन्द्र कक्कड़, प्रदीप डोडिया, रामस्वरूप वैष्णव, सूरज पेंटर व मोखम खटीक सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे इस कार्यक्रम का संचालन कुशल किशोर सोनी ने किया।



सरवाड में गणपति उत्सव के उपलक्ष में कवि सम्मेलन का आयोजन किया।

## भारत में अपनी रिटेल स्ट्रेटेजी को बढ़ा रहा है एसुस

**अजमेर,**(निसं) , 2024:देश भर में ब्रैंड के रिटेल फुटप्रिंट को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, ताइवान की टेक जायंट कंपनी, एसुस इंडिया ने आज अजमेर में अपने नए एक्सक्लूसिव स्टोर का शुभारंभ किया है। यह नवीनतम एक्सक्लूसिव स्टोर 400 वर्ग फुट में फैला हुआ है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर हार्डवेयर की एक विस्तृत श्रृंखला सहित एसुस फ्लैगशिप प्रोडक्ट्स की पेशकश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिनमें वीवोबुक, ज़ेनबुक, रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी) लैपटॉप्स, गेमिंग डेस्कटॉप्स, ऑल इन वन डेस्कटॉप्स और एक्सेसरीज़ शामिल हैं। अजमेर में स्थित यह ब्रैंड का पहला और राजस्थान में 12वाँ स्टोर है। इस विस्तार के बारे में बात करते हुए, जिग्नेश भावसार, नेशनल सेल्स मैनेजर- पीसी एंड गेमिंग बिज़नेस, एसुस इंडिया,ने कहा, "हम भारत में अपने रिटेल फुटप्रिंट के विस्तार की घोषणा करते हुए बेहद हर्षित महसूस कर रहे हैं। राजस्थान हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। ऐसे में, अजमेर शहर में नवीनतम ब्रैंड स्टोर का उद्घाटन हमारे लेटेस्ट इनोवेशन के बेहतर अनुभव के साथ, देश के विभिन्न क्षेत्रों में कंज्यूमर्स को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## सार-समाचार

### गणेश प्रतिमा का विसर्जन आज

**सरवाड़ ।** सरवाड़ अनन्त चतुर्दशी के मौके पर पतवारी माता मंदिर परिसर में विराजमान गणेश प्रतिमा का आज विशाल जुलूस निकलेगा। यह जुलूस हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में पतवारी माता मंदिर परिसर से ढोल बाजे-गाजे के साथ जुलूस प्रारंभ होगा। यह जुलूस प्रमुख मार्गो से होते हुऐ गोपाल बावड़ी पहुंचेगा। वहां पर महाआरती के गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। इस जुलूस में हजारों की तादाद में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे। इस जुलूस में चार घोड़े, एक बग्गी, दो बैंड, आर्केस्ट्रा व दस ढोल जुलूस में मौजूद रहेंगे तथा हिन्दू समाज के प्रतिष्ठान भी बंद रहेंगे वहीं प्रशासन की और से तैयारीयां को अंतिम रूप दिया जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

### डॉ. मंजुला जैन सम्मानित

**अजमेर,** (कासं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय विश्व वैदिक गुरुकुलम वृंदावन में ज्योतिष तंत्र वस्तु आयुर्वेद राष्ट्रीय महासम्मेलन वृंदावन में धर्मगुरु अजय कुमार श्याम नंदी द्वारा अजमेर की डॉक्टर मंजुला जैन को ज्योतिर्विंद की उपाधि देकर स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। पूर्व में विदेश में भी डॉक्टर मंजुला जैन कई सम्मान प्राप्त कर चुकी है।

### शिव महापुराण कथा 18 से

**अजमेर,** (कासं)। तोपदड़ा स्थित गढ़वाल पैलेस में 18 सितंबर से 24 सितंबर तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 18 सितंबर को सुबह 9.00 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में भाग लेने वाले प्रत्येक महिला को पुरस्कृत किया जाएगा। गढ़वाल पैलेस के मालिक एवं कार्यक्रम संयोजक दिलीप गढ़वाल ने बताया कि गोकुल धाम आश्रम, कल्याणीपुरा, अजमेर के कथावाचक गुरुदेव श्री वीरभद्र जी महाराज रोजाना दोपहर 3.00 से सायं 6.00 बजे तक शिव पुराण कथा का वाचन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान भोले बाबा की बारात, उनका विवाह, गणेश जन्मोत्सव, गणेश विवाह उत्सव, यजमान का सम्मान आदि विशेष कार्यक्रम होंगे। संपूर्ण गढ़वाल परिवार ने भक्त जनों से रोजाना समय पर उपस्थित होकर तथा का लाभ उठाने का आग्रह किया है। महिलाएं आयोजन स्थल पर पहुंचकर अपने कलश बुक कर सकती हैं।

### डॉ. पार्थ सिंह मीणा अध्यक्ष होंगे

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान साइकियाट्रिक सोसायटी के आगामी वर्ष अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विभाग के आचार्य डॉक्टर पार्थ सिंह मीणा को चुना गया है। जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की मेडिकल जूरिस्ट विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर आरके माथुर ने बताया कि इंडियन साइकाइट्रिक सोसाइटी राजस्थान का वार्षिक सम्मेलन जयपुर में 14 और 15. सितंबर को आयोजित किया गया, जिसमें देश-विदेश के लगभग 250 से अधिक मनोचिकित्सकों ने भाग लिया। सम्मेलन में जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अजमेर के मनोरोग विभाग के आचार्य डॉक्टर पार्थ सिंह मीना को अगले वर्ष के लिए अध्यक्ष चुना गया है। जबकि कोटा के डॉक्टर विनोद दरिया ने इस वर्ष के अध्यक्ष पद का कार्यभार ठाहण किया।

### पीएम मोदी का जन्मदिन पर आज

**ब्यावर,** (निसं) राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय जवाजा में भारतीय जनता पार्टी जवाजा मंडल, नीलकंठ महादेव मंडल, सम्राट पृथ्वीराज चौहान मंडल के संयुक्त तत्वाधान में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे । सेवा पखवाडा के तहत स्वच्छता अभियान व मरीजों की स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए फल वितरण कर मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक माननीय देवी शंकर भूतड़ा भाजपा जिलाध्यक्ष जिला देहात अजमेर रहेंगे। कार्यक्रम में संतोष रावत अध्यक्ष भाजपा जवाजा मंडल, एडवोकेट डूंगर सिंह रावत अध्यक्ष भाजपा नीलकंठ महादेव मंडल, कानाराम गुर्जर अध्यक्ष भाजपा सम्राट पृथ्वीराज चौहान मंडल, सहित भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गण, जिला पदाधिकारीगण, मंडल पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधीगण, जिला परिषद सदस्य गण, पंचायत समिति सदस्य गण, सरपंच गण, सभी मंडलों के मोर्चा अध्यक्ष गण, मोर्चा पदाधिकारी गण, शक्ति केंद्र संयोजक गण, बूथ अध्यक्ष गण , बुथ पदाधिकारीकरण सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

**ब्यावर** (निसं) शिक्षा विभाग के आदेशानुसार 68वीं राज्य स्तरीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, 14 वर्षीय छात्र-छात्रा कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ आज होगा। जिला खेल प्रकोष्ठ अधिकारी प्रमोद राय शर्मा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता 17 से 23 सितंबर तक राजकीय कृष्णा कॉलोनी विद्यालय के संयोजन में आयोजन स्थल पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, छावनी मार्ग में आयोजित होगी।प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को प्रात: 9:00 बजे से क्षेत्रीय विधायक शंकर सिंह रावत के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, (माध्यमिक एवम प्रारम्भिक) अजय कुमार गुप्ता करेंगे एवं विशिष्ट अतिथि नरेश कनोजिया सभापति नगर परिषद एवं जवाजा पंचायत समिति प्रधान गणपत सिंह रावत करेंगे।प्रतियोगिता में लगभग 1000 प्रतियोगी राजस्थान के सभी जिलों से शिरकत करेंगे। सफल संचालन हेतु 26 समितियां का गठन किया गया है। जिसमें स्वागत एवं स्थाई समिति, प्रतिवाद समिति, यातायात समिति, आवास समिति, मीडिया समिति आदि समितियों का गठन किया गया है।

## रामावतार राव एक बार फिर अध्यक्ष बने

■ उप शाखा अराई के वार्षिक चुनाव निर्विरोध सम्पन्न

**अराई ।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला अजमेर के निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार शर्मा के निर्देशन में चुनाव अधिकारी चेतन प्रकाश जिंदागल एवं चुनाव पर्यवेक्षक संजय धीया ने राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा अराई के सत्र 2024-25 के वार्षिक चुनाव संपन्न करवाए। इस दौरान रामावतार राव निर्विरोध रूप से उप शाखा के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। रामदयाल बैरवा मंत्री, संतोष शर्मा कोषाध्यक्ष, भंवरलाल टेलर सभा अध्यक्ष, महेंद्र गोस्वामी व रूपनारायण टेलर उप सभाध्यक्ष, योगेश कुमार दौलतवाल , वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नितेश सारण, उपाध्यक्ष पुरुष, मंजू चौधरी, उपाध्यक्ष महिला, रेखा सैनी, महिला मंत्री, गोरधन लाल चौधरी, शिक्षक प्रतिनिधि, ओमप्रकाश लक्षकार प्रधानाचार्य प्रतिनिधि, हेमराज जैवल्या वरिष्ठ अध्यापक प्रतिनिधि, बजरंग लाल गुर्जर पंचायत शिक्षक प्रतिनिधि, सुशीला चौधरी पंचायत शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिला महासमिति के लिए 32 प्रतिनिधियों का तथा प्रांतीय समिति के लिए 8 प्रतिनिधियों का भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ। निर्वाचन के इस अवसर पर उप शाखा के नसीर काठात जिला कोषाध्यक्ष, बजरंग लाल शर्मा, राहुल कुमार टेलर, नन्द किशोर माली, धन्ना लाल वर्मा सेवानिवृत्ति व्याख्याता, धन्नालाल जाट, कमलेश चंद्र गौड़, रंगलाल बैरवा आदि अनेक शिक्षक साथी उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षक समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई और आगामी जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन के लिए कार्य योजना का भी निर्धारण किया गया।

## गौ शाला की जमीन पर दीवार बनेगीं

**ब्याव,** (निसं) श्री तिजारती चेम्बर सर्राफान गौशाला प्रबधंक संस्था में लॉयन्स क्लब ब्यावर डायमंड के सौजन्य से निर्मित श्री गोवर्धन धाम वाटिका जिसमे विभिन्न प्रजाति के छायादार और फलदार 1100 पौधे लगाए गए है। गौवंश और अन्य जानवरो से बचाव हेतु 1400 फिट लम्बी मजबूत सुरक्षा जाली के साथ साथ उन्हें पर्याप्त जल समय समय पर मिले, डीप डीप सिचाई हेतु 4200 फिट लम्बाई की पाइप लगाई गई है। गौसेवार्थ आने वाले सेवको और बच्चो के मनोरंजन हेतु एक झूला और 4 बैच का उदघाटन विधायक शंकर सिंह रावत, लालाराम यादव, तहसीलदार ,नगर परिषद सभापति नरेश कनोजिया,श्यामसुन्दर मंत्री कुचामन प्रान्तपाल,गौसेवक सतीश गर्गने फीता काट कर किया। इससे पूर्व विधायक का माला साफा पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। विधायक रावत ने गौ शाला की खुली पड़ी 5 बीघा जमीन पर दीवार बना कर सुरक्षित करने के लिये 5 लाख रूपये की घोषणा की। वाटिका के लिये विशेष सहयोगी समाज सेवी गौ सेवक सतीश गर्ग का माला व साफा पहना कर शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

## बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से फॉगिंग कार्य जारी

**भीलवाड़ा।** मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से जिले में फॉगिंग का कार्य जारी है। बरसात के मौसम पश्चात जिले में मच्छरों के कारण होने वाले डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए फॉगिंग करवाई जा रही है। सीएमएचओ डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने बताया कि जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देशानुसार मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विभाग की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जिले के शहरी और ठाामीण क्षेत्रों में फॉगिंग करवाई जा रही है रविवार को आरसी व्यास कॉलोनी, सी सेक्टर और मुखर्जी पार्क क्षेत्र में फॉगिंग करवाई गई।

उन्होंने बताया कि जिले में रविवार के दिन ड्राई डे मना कर शहरी-ठाामीण क्षेत्र के चौराहों, गलियों, कॉलोनियों, मोहल्लों, वार्डों में एंटीलारवल गतिविधियां लगातार की जा रही है। जलभराव वाली जगहों, खाली भूखंडों, नालियों में कीटनाशक डीडीटी पाउडर, एमएलओ ऑयल का छिड़काव करवाया जा रहा है। इसके अलावा गम्बूशिया मछलियां बड़े जलस्त्रोतों में डाली जा रही है। उन्होंने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीमें लगातार सर्वे भी कर रही है। उन्होंने कहा कि आमजन भी चिकित्सा विभाग के कार्यों में सहयोगी बने और घरों के आसपास पानी जमा नहीं होने दें। कूलरों और छतों पर पानी जमा नहीं रहे, इसका विशेष ध्यान रखें।


भीलवाडा में मौसमी बिमारियों से बचाव के लिए फोगिंग कराई।

## लायन सदस्यों ने बस स्टैंड पर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के लायन सदस्यो ने स्थानीय बस स्टैंड पर स्वच्छता अभियान के तहत यात्रियों एवम आमजन को साफ सफाई के लिए समझाइश कर जागरूक किया।

डिस्ट्रिक मीडिया कॉर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि लायंस क्लब अजमेर, शौर्य, पृथ्वीराज के सदस्यो द्वारा सीआरपीएफ के जवानों के साथ बा स्टैंड पर सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया । इस अवसर पर डीआईजी संजय यादव ने स्वच्छता की सेवा कैंपेन का शुभारंभ किया। इस कैंपेन के पहले दिन रोडवेज बस स्टैंड पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अफसरों और जवानों, लायन सदस्यो ने साफ सफाई कर यहां मौजूद यात्रियों को गंदगी नहीं फैलाने की शपथ दिलाई। बस स्टैंड पर जगह-जगह फैली गंदगी को अफसरों और जवानों ने साफ किया। यहां सबसे ज्यादा कचरा प्लास्टिक के बिस्किट-नमकीन के रैपर्स, थैलियों, गुटखा व तंबाकू के पाउच, पानी की बोतलें, डिस्पोजेबल ग्लास आदि का था। करीब 2 घंटे चले इस सफाई अभियान के बाद बस स्टैंड परिसर चमचमाने लगा। इस मौके पर डीआईजी संजय यादव ने बल के जवानों और वहां मौजूद यात्रियों, रोडवेज स्टाफ को गंदगी नहीं फैलाने की शपथ दिलाई। कैंपेन में डिप्टी कमांडेंट भुवनेश ध्यानी, अस्सिटेंट कमांडेंट भाविक परिहार, सीबीएस के डिपो मैनेजर गजेंद्र पाराशर, लायंस क्लब अजमेर के अध्यक्ष लियोन भागू ईसरानी, सचिव लायन सतीश भटनागर, लायन नीता भटनागर, शौर्य की लायन प्रतिभा विश्वा, लायन अमिता शर्मा, लायन ममता विश्नोई, लायन सुशीला राठौड़, लायन सुनिता शर्मा, लायन अभिलाषा विश्नोई, पृथ्वीराज के लायन आभा गांधी सहित सीआरपीएफ और रोडवेज के अन्य अफसर मौजूद थे।

## गणपति बप्पा की विदाई आज

**मसूदा,** (निसं)। गणपति बप्पा को अनंत चतुर्दशी पर आज मंगलवार को धूमधाम से विदाई दी जाएगी। इसके साथ ही पिछले 10 दिनों से गणपति पांडालों में मची धूम वी डंडियों की खनक समझाएगी। गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आकर उदघोष के साथ शोभायात्रा के रूप में गणपति बप्पा को जलाशय में विसर्जन के लिए ले जाया जाएगा। उधर चतुर्दशी के बाद शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से पहला श्राद्ध किया जाएगा इस साल 17 सितंबर से श्राद्ध पक्ष शुरू हो रहे हैं समापन 2 अक्टूबर को होगा। इस अवधि में लोग अपने पूर्वजों का श्राद्ध करते हैं और उनके लिए तर्पण करते हैं।

## श्रम दिवस कार्यक्रम आज

**अजमेर,** (कासं)। प्रदेश बीएमएस के निर्णय के अनुसार आगामी 17 सितंबर 2024 मंगलवार प्रात: दोपहर 12 बजे से हाथी भाटा पावर हाउस बैडमिंटन हॉल में विश्वकर्मा जयंती का कार्यक्रम एवं जिला भारतीय मजदूर संघ अजमेर का अधिवेशन होगा।

विनीत कुमार जैन संभाग संगठन मंत्री ने बताया कि 17 सितंबर 2024 को विश्वकर्मा जयंती के साथ-साथ जिला अधिवेशन हो रहा है, जिले के अजमेर किशनगढ़ रूपनगढ़ पुष्कर पिसागंन नसीराबाद से विद्युत रोडवेज भवन निर्माण जलदाय एचएमटी आंगनवाड़ी रेलवे बैंक नरेगा के सभी यूनियनों के लगभग ढाई सौ कार्यकर्ता होंगे।

कार्यक्रम का प्रथम सत्र दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र डाबी अध्यक्ष प्रदेश भारतीय मजदूर संघ राजस्थान सत्यनारायण गर्ग रहेंगे कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भोलानाथ आचार्य प्रदेश आंगनबाड़ी प्रभारी होंगे। दूसरा सत्र दोपहर 1:15 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें आगामी वर्ष में संगठन के द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों एवं प्रस्तावना सत्र एवं भारतीय मजदूर संघ जिला अजमेर की नई कार्यकारिणी का गठन होगा। आवश्यक।

## भक्ति नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

**अजमेर,** (कासं)। 1008 श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, शांतिपुरा आनंदनगर में दसलक्षण पर्व के पावन अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रवक्ता कमल गंगवाल व नरेश गंगवाल ने बताया कि धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत भक्ति नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई,जिसके पुरस्कार प्रदाता और कार्यक्रम के आयोजक श्रीमती मंजू और मनोज ठोल्या परिवार थे।

आयोजित भक्ति नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुरभि ठोल्या, द्वितीय स्थान पर अंकिता सेठी, और तृतीय स्थान पर वंदना सेठी रही। इन्हें विशेष रूप से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सूर्यकांता सेठी, कला बज, रतनप्रभा जैन, मंजू बड़जात्या, किरण जैन, अंजू अजमेरा, रूबी जैन, प्रमिला शन्नो सेठी, रीना दोसी, सीमा झांझरी, कुसुम भैंसा, प्रमिला जैन, राजकुमार बज, अजय जैन सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। श्री दिगंबर जैन महासमिति के अध्यक्ष अतुल पाटनी और प्रवक्ता संजय कुमार जैन ने बताया कि सम्पूर्ण जैन समाज में कल अनंत चतुर्दशी का महापर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विशेष रूप से अभिषेक, वृहद शांतिधारा, पूजापाठ और 1008 श्री वासुपूज्य भगवान के मोक्ष कल्याण दिवस पर सभी जिनालयों में निर्वाण मोदक चढ़ाया जाएगा। पूरे दिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## श्री राम भक्त हनुमान मंदिर पर मेले का आयोजन

**बिजयनगर,** (निसं)। सब्जी मंडी स्थित श्री राम भक्त हनुमान मंदिर का मेला सोमवार को हर्षोल्लास के साथ परंपरागत रूप से भराया। मेले की पूर्व रात्रि कोबालाजी महाराज की ज्योत शहर के प्रमुख मार्ग से होकर निकल गई तत्पश्चात विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया ।सोमवार को राज नगर क्षेत्र से पुलिस प्रशासन के व्यापक बंदोबस्त के बीच श्री बजरंग अखाड़ा दल के खिलाड़ियों द्वारा हैरत अन्गेज प्रदर्शन करते हुएशहर के प्रमुख मार्गो से होकर निकाली गई ।

श्री बजरंग अखाड़ा दल द्वाराश्री हनुमान मंदिर परपरंपरागत रूप से ध्वजा चढ़ाई गई । श्री बजरंग अखाड़ा दल के प्रमुख एवं खिलाड़ियों का मेला कमेटी द्वारा स्वागत किया गया । राजनगर के श्री बजरंग अखाड़ा स्थल से गाजे बाजे ढोल नगाडे के साथ प्रारंभ हुई जुलूस के दौरान पुलिस एवं प्रशासन नेअतिरिक्त पुलिस जाब्ता लगाते हुए व्यापक बंदोबस्त किये ।केकड़ी चौराहा जामा मस्जिद सामने से अखाडा के जुलुस के दौरान प्रशासनिक अधिकारी तहसील दार शिल्पा चौधरी नायब तहसील दार राम नरेश पुलिस उपाधीक्षक मसूदा सज्जन सिंह इन्चार्ज थानाधिकारी राजमल कुमावत अतिरिक्त पुलिस जाप्ता सशस्त्र पुलिसकर्मी महिला पुलिस कर्मी मौजूद रही ।

जहाजपुर मे बैवाण निकाले जाने के दौरान हुयी पत्थर बांजी की घटना के पश्चात सोमवार को प्रशासनअलर्ट मोड पर रहा । सर्व हिंदू समाज के तत्वाधान मेंसोमवार कोदोपहर 1:00 तक बिजयनगर बंद काव्यापक असर देखने को मिला शहर के मुख्य बाजारदोपहर तक पूर्णता बंद रहे हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्तामुख्य बाजारों में घूमते रहेव्यापारियों से अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील करते रहे । पिपली चौराहे परहिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया ।विश्व हिंदू परिषद के धनराज कावड़ियाअरुण जोशी राजेंद्र शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल बोहरा आशीष साण्ड पूर्व पालिका अध्यक्ष गुलाबपुरा धनराज गुर्जर पार्षद खेमराज गुर्जर मनोहर कोगटा शिवराज वैष्णव सुरेश रामचंदानी ज्ञानचंद प्रजापत बजरंग अखाड़ा दल केगोपाल साहूभगवान सिंह पार्षद भरत लाल शर्मा कन्हैया लाल साहू राजेश जोशी सहितहिंदूवादी संगठन के सैकड़ोकार्यकर्ता मौजूद रहे ।श्री राम भक्त हनुमान मंदिर परसंध्याकालीन में महा आरती का आयोजन किया गया श्री बजरंग अखाड़ा दल द्वारा परंपरागत रूप से मन्दिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई गई और मेले का आगाज किया गया।


विजयनगर की सब्जी मंडी स्थित श्री राम भक्त हनुमान मंदिर का मेला परम्परागत रूप से भरा।

## 68वीं जिला स्तरीय योगा प्रतियोगिता का शुभारंभ

**ब्यावर (निसं)** शहीद अमरसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,कालिंजर ब्लॉक जवाजा में 68 वीं जिला स्तरीय 17/19 आयुवर्ष छात्र/छात्रा योगा प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य गजेन्द्र तुनगारिया ने बताया कि 5 दिवसीय प्रतियोगिता 16 से 20 सितम्बर तक आयोजित होकर विभिन्न प्रकार के योग का खिलाडियों द्वारा प्रदर्शन किया जायेगा। प्रतियोगिता का शुभारम्भ शंकर सिंह रावत विधायक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गणपत सिंह रावत प्रधान जवाजा एवं ब्रजपाल सिंह सरपंच राजियावास थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मधु गुप्ता सीबीईओ जवाजा द्वारा की गई। योग खेल की तकनीकी सलाहकार कविता गिरी एवं रतन सिंह चौहान ने योगा खेल के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक प्रकाश चन्द बोहरा एवं एसीबीईओ कैलाश चन्द, दिनेश कुमार, नेमीचन्द यादव, महेश औलानिया, महेश शर्मा, अमोलक मोर्य, आशा संत, सुमन बाला सैनी,भीकमचन्द परिहार, नरेन्द्र गहलोत, विशाल सांगेला, पूरण मल , रमेश चन्द्र दाधीच, देवकरण भाटी इत्यादि प्रधानाचार्यो व स्काउट रामचन्द्र, किशन सिंह चौहान ने अपनी गौरवमय उपस्थिति कार्यक्रम में दी। ठाामवासी धन्नासिंह, युवराज सिंह, चैन सिंह, महेन्द्र सिंह, बिरदा सिंह, महेन्द्र सिंह गौड, दिलीप सिंह, ग्यारसी लाल इत्यादि ठाामवासियां ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## स्मार्ट सिटी योजना के तहत हुए कार्यो की जांच करवाने की मांग

**अजमेर,** (कासं)। फायसागर से चलने वाली चादर का पानी बाड़ी नदी के करीब 7 किलोमीटर रास्ते से जाकर आना सागर में मिलता था बाड़ी नदी को मलबे से भराव करके छोटा कर दिया वह प्रशासन की मिली भगत से भूमाफियाओं ने यहां पर कॉलोनी काटकर, मकान बनवा दिए व वह सभी अवैध निर्माण तोड़ने के योग्य हैं। जिला व नगर निगम प्रशासन उन्हें चिन्हित करके छोड़ देता है वह तोड़ता नहीं और चौरसियावास तालाब से काजी का नाला व अन्य नालों के माध्यम से जो पानी आना सागर में आकर मिलता था उन सभी नालों को छोटा करके उन पर कब्जा करवा दिया गया। जिला प्रशासन, अजमेर विकास प्राधिकरण व नगर निगम, अजमेर की मिली भगत से हुए सभी कार्यों का खामियाजा आज अजमेर की पूरी जनता भुगत रही है।

यादव द्वारा पीएम को भेजे पत्र मे भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्मार्ट सिटी अजमेर के तहत बिना तकनीकी के व बिना मास्टर प्लान (प्रोजेक्ट) बनाए वरिष्ठ अधिकारियों की सनक से भ्रष्टाचार पूर्वक कार्य करवा कर शहर को विकृत किया जाने की जांच सीबीआई से करवा कर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्यवाही कराने व पुनः मास्टर प्लान बनवाकर काम करवाने कि मांग की है। यादव ने यह भी आरोप लगाया कि अजमेर राजस्थान में स्मार्ट सिटी के साथ-साथ हृदय योजना व अमृत योजना के तहत अनेक कार्य कराए गए है, जो उच्च मापदंडों पर व शहर की आवश्यकता के अनुरूप सौंदर्यकरण पर खरे नहीं उतरते हैं। अजमेर में जब बाढ़ आती है तभी शहर की व्यवस्था बिगड़ती थी, वह भी सिर्फ निचली कच्ची बस्तियों मे, लेकिन स्मार्ट सिटी व अन्य योजनाओ के कार्यों के लागू होने बाद हर बरसात में शहर के सभी नागरिकों का जीना दुभर हो जाता है व अनेकों जगह घरों में 2 से 4 फीट तक पानी भर जाता है और अजमेर में स्थित प्राचीन व प्राकृरित आनासागर तालाब का ऐतिहासिक महत्व है। अधिकारियों की सनक के चलते 70 के दशक में उर्स मेले में आने वाली हजारों गाड़ियों के रुकने के स्थान हेतु विश्रामस्थली का निर्माण किया गया, जिसका पूरा भाग आना सागर के पेटे में से लिया गया। इसके कारण जहां आना सागर की चादर 22 फीट पर चलती थी उसे घटाकर 18 फिट कर दिया गया।

कोढ में खाज का काम राजस्थान हाउसिंग बोर्ड में 70 व 80 के दशक में आनासागर की परिधि में ही सागर विहार व अन्य हाउसिंग कॉलोनीयां बना दी। इन योजनाओं के बाद आनासागर का आकार आधा हो गया। आना सागर के पानी के फैलाव को रोकने के लिए वहां करोड़ों रुपए की लागत से पाथवे बना दिया व सेवन वंडर्स के नाम से एक विशाल निर्माण करवा दिया गया । इसी के साथ आनासागर के परिधि में से ही नगर निगम ने लव कुश उद्यान को तोड़कर एक बड़ा रेस्टोरेंट बना दिया गया। जिसके बीच में बनाए गए पाथवे पर भी रेस्टोरेंट के लीजधारी ठेकेदार ने कब्जा कर लिया और नगर निगम की लापरवाही या मिलीभगत से ही जीमॉल, दुकाने, प्राइवेट कॉलोनी, समारोह स्थल व बड़े-बड़े रेस्टोरेंट आदि वैशाली नगर व पुष्कर रोड पर आना सागर के पेटे में ही बना लिए गए ।